आज के मैच

कोलकाता V/S दिल्ली

समय-7.30 बजे, विशाखापत्तनम में

खास-खबर

अब 16 अप्रैल को खेला जाएगा कोलकाता और राजस्थान मैच

मुंबई (एजेंसी)। मौजूदा आईपीएल सीजन के कार्यक्रम में एक बार फिर फेरबदल किया गया है। आईपीएल के दो मैचों को रेशेड्यूल किया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान और गुजरात टाइटंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स के आयोजन के दिन को बदला गया है। पहले कोलकाता और राजस्थान के बीच 17 अप्रैल को कोलकाता में मुकाबला खेला जाना था लेकिन अब यह मैच 16 अप्रैल को खेला जाएगा। जबकि गुजरात और दिल्ली के मैच का आयोजन पहले 16 अप्रैल को होना था जोकि अब 17 अप्रैल को अहमदाबाद में ही खेला जाएगा। राम नवमी के त्योहार के चलते कोलकाता पुलिस ने मैच के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में असमर्थता जताई थी। वहीं 19 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान भी होने हैं। पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता पुलिस ने इस संबंध में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को पत्र भी लिखा था।

ऐसा लगता है कोहली ने फिर खुद को निखार लिया है : डेविड हसी

मुंबई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली 'फिर से निखर गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा। कोहली अभी राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन मैच में 141.4 के स्ट्राइक रेट से दो अर्द्धशतक के साथ 181 रन बनाए हैं।

बेंगलुरू की अपने घर पर लगातार दूसरी पराजय

मयंक यादव की गेंदबाजी और डिकॉक के अर्द्धशतक से लखनऊ जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर

बेंगलुरु (एजेंसी)। प्लेयर ऑफ द मैच मयंक यादव (3/14) की घातक गेंदबाजी और क्विंटन डिकॉक 81 रनों की अर्द्धशतकीय पारी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें मैच में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रन से हरा दिया है।

ये बेंगलुरू की अपने घर पर लगातार दूसरी हार रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 181 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रन पर सिमट गई। बेंगलुरु की यह चार मैचों में तीसरी हार है। वहीं, लखनऊ की यह तीन मैचों में लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर आ गई है। वहीं, बेंगलुरु की टीम मुंबई से एक स्थान ऊपर नौवें स्थान पर है।

आज यहां एम चिन्नांस्वारमी स्टेचडियम में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ की क्विंटन डिकॉक और कप्तान के एल राहुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े।

छठें ओवर में मैक्सवेल ने डागर के हाथों राहुल को कैच आउट कराया। राहुल ने 14 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 20 रन बनाये। वहीं क्विंटन डिकॉक ने 56 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर सिराज ने देवदत्त पड़िक्कल छह रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। मार्कस स्टॉयनिस ने 15 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 24 रनों की पारी खेली। आयुष बदोनी अपना खाता भी नहीं खोल सके। निकोलस पूरन आखिरी ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंदों में एक चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 40 रन बनाये। लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 181 रनों का स्कोर खड़ा किया। बेंगलुरु की ओर से ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

लगातार दूसरी बार प्लेयर ऑफ द मैच बने मयंक यादव।

पूरन ने जड़ा छक्का, स्टेडियम के बाहर गई गेंद: वेस्टइंडीज के खिलाड़ी निकोलस पूरन ने अपने शानदार छक्कों से सबको हैरान कर दिया। वहीं अपनी विस्फोटक पारी के दौरान पूरन ने एक छक्का तो ग्राउंड से बाहर ही मार दिया। उस छक्के की दूरी 106 मीटर की थी। दरअसल, लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी का 19वां ओवर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से रीसे टॉप्ली डाल रहे थे। उनके ओवर की पहली गेंद पर ही स्ट्राइक पर निकोलस पूरन थे। पहली गेंद पर कोई रन नहीं आया, जबकि दूसरी गेंद वाइड रही। इसके बाद टॉप्ली की अगली दो गेंद पर निकोलस पूरन ने दो छक्के ठोके। लेकिन ओवर की चौथी गेंद पर जो पूरन ने किया। वो अविश्वसनीय था। टॉप्ली ने पूरन को गुड लेंथ पर गेंद डाली। ऐसे में पूरन ने जबरदस्थ पुल शॉट खेला और गेंद को सीधा मैदान के बाहर भेज दिया। गेंद चिन्नास्वामी स्टेडियम के छत पर जाकर गिरी। यह 106 मीटर का छक्का था।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स : डिकॉक कै. डागर बो. टॉप्ली 81,राहुल कै. डागर बो. मैक्सवेल 20, पड़िक्कल कै. अनुज बो. सिराज 6, स्टॉयनिस कै. डागर बो. मैक्सवेल 24, पूरन (नाबाद) 40, बदोनी कै. डुप्लेसी बो. दयाल 0, क्रुणाल (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 10,**कुल** (20 ओवर में) 5 विकेट पर 181 रन । **विकेट पतन:** 1-53, 2-73, 3-129, 4-143, 5-148। **गेंदबाज़ी:** टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2,डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0।

रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु : कोहली कै. पड़िक्कल बो. सिद्धार्थ 22, डुप्लेसी रन आउट 19, पाटीदार कै. पड़िक्कल बो. मयंक 29, मैक्सवेल कै. पूरन बो. मयंक 0, ग्रीन बो. मयंक 9, रावत कै. पड़िक्कल बो. स्टॉयनिस 11, लोमरोर कै. पूरन बो. ठाकुर 33, कार्तिक कै. राहुल बो. नवीन 4,डागर रन आउट 0, टॉप्ली (नाबाद) 3, सिराज कै. पूरन बो. नवीन 12, **अतिरिक्त** 11, **कुल** (19.4 ओवर में) 153 रन । **विकेट पतन:** 1-40, 2-42, 3-43, 4-58, 5-94,6-103,7-136,8-137, 9-138 । **गेंदबाज़ी :** सिद्धार्थ 3-0-21-1, क्रुणाल 1-0-10-0, नवीन 3.4-0-25-2, मयंक 4-0-14-3, बिश्नोई 3-0-33-0, यश 4-0-38-1, स्टॉयनिस 1-0-9-1।

कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। दूसरी ओर मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं। दिल्ली के भारतीय गेंदबाजों को केकेआर के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने बेहतर खेल दिखाना होगा। सीएसके के खिलाफ खलील अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन क्षेत्ररक्षण में उन्हें सुधार करना होगा। ऊंचे कैच टपकाने की उनकी आदत छूट नहीं रही और चेन्नई के खिलाफ उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का कैच छोड़ा। मुकेश कुमार के पास रफ्तार नहीं है लेकिन ईशांत शर्मा का अनुभव टीम के काम आ रहा है। दूसरी ओर केकेआर ने अब तक दोनों मैच जीते हैं। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट, हरफनमौला आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर अच्छे फॉर्म में दिखे। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ रन बनाये। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने प्रभावित किया है लेकिन महंगे खरीदे गए मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती नहीं चल सके।

पारिवारिक कारणों से चांदीमल ने बीच में छोड़ा चटगांव टेस्ट

चटगांव (एजेंसी)। दिनेश चांदीमल को दूसरा टेस्ट बीच में ही छोड़ना पड़ा है। पारिवारिक मेडिकल इमरजेंसी के चलते चांदीमल टेस्ट मैच के चौथे दिन कोलंबो के लिए रवाना हो गए। मैच के तीसरे दिन चांदीमल आउट हो गए थे। ऐसे में श्रीलंकाई टीम उनकी जगह पर किसी सब्स्टीट्यूट फील्डर के साथ मैदान में उतरेगी। एसएलसी ने अपने बयान में कहा, वह तत्काल प्रभाव से घर लौटेंगे। इस मुश्किल घड़ी में श्रीलंका क्रिकेट, टीम के तमाम खिलाड़ी और स्पोर्टिंग स्टाफ सभी चांदीमल के साथ खड़े हैं। हम लोगों से उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह करते हैं। सरे दिन के खेल में छह विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद श्रीलंका मैच में आगे थी।

टी-20 विश्वकप नहीं खेलेंगे स्टोक्स

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पूरी तरह फिट होने और टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से किनारा कर लिया है। दिलचस्प बात ये है कि बेन स्टोक्स इंग्लैंड की 2022 टी-20 वर्ल्ड कप जीत में प्लेयर ऑफ द मैच थे और ये निश्चित रूप से इंग्लिश टीम के लिए बड़ा झटका है। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा कि मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं। उन्होंने कहा कि आईपीएल और विश्व कप से बाहर रहना उम्मीद है कि वह बलिदान होगा जिससे मुझे वह ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जो मैं निकट भविष्य

में बनना चाहता हूं। स्टोक्स भारत के टेस्ट दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान थे जहां उनकी टीम को 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान उन्होंने महसूस किया कि गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थे। स्टोक्स ने आगे कहा कि, हाल ही में भारत के टेस्ट दौरे से पता चला कि घुटने की सर्जरी और नौ महीने बिना गेंदबाजी के रहने के बाद मैं गेंदबाजी के नजरिए से कितना पीछे था। उन्होंने कहा कि मैं हमारे गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत से पहले काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैं जोस बटलर, मैथ्यू मॉट और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट जीतने वाला इंग्लैंड कैरेबिया में खिताब का बचाव करेगा। पिछले टी-20 विश्व कप फाइनल में स्टोक्स ने एमसीजी में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के दौरान फाइनल में विजयी रन बनाया था। इंग्लैंड की आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की रक्षा 4 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरू होगी। इसके बाद वे सुपर 8 और नॉकआउट के लिए क्वालीफिकेशन से पहले बारबाडोस और एंटीगुआ में ऑस्ट्रेलिया, ओमान और नामीबिया के खिलाफ ग्रुप मैच खेलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बांग्लादेश को 54 रनों से हराया

मीरपुर (एजेंसी)। जॉर्जिया वेयरहम 57 रनों की अर्द्धशतकीय और ग्रेस हैरिस के 43 रनों की शानदार पारियों के बाद एश्ली गार्डनर और सोफी मोलिन्यू की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बांग्लादेश को 54 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से बढ़त बना ली है। बांग्लादेश की टीम 168 रनों के लक्ष्य पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 103 रन ही बना सकी और मुकाबला 54 रन से हार गई। बांग्लादेश की सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने टीम के लिए 25 गेंदों में सर्वाधिक 27 रन बनाये। शोरना अख्तर ने 17 गेंदों में 21 रनों की पारी खेली। फातिमा खातून 15 रन बनाकर आउट हुई राबेया खान 14 रन नाबाद रही। उसके सात बल्लेबाजों का स्कोर दहाई अंक से कम रहा। एश्ली गार्डनर ने 17 रन देकर तीन विकेट और सोफी मोलिन्यू ने 10 रन देकर तीन विकेट झटके।

भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड ने की चर्चा

चैम्पियंस लीग क्लब टी-20 की फिर से हो सकती है शुरुआत

मुंबई (एजेंसी)। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी-20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी-20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था।

चैम्पियंस लीग में 2009-10 और 2014-15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिये खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चैम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी-20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं। इसके लिये आईसीसी के व्यस्त कैलेंडर में विंडो तलाशना मुश्किल है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।

एटीपी रैंकिंग इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 खिलाड़ी बनने वाले हैं जोकोविच

लूसाने (एजेंसी)। सर्बिया के 36 साल और 321 दिन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच इस सप्ताह के अंत तक एटीपी रैंकिंग इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 के रूप में स्विस दिग्गज रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। नोवाक जोकोविच टेनिस जगत के दिग्गजों में गिने जाते हैं। पिछले साल फरवरी में, जोकोविच ने स्टेफी ग्राफ के 377 सप्ताह के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए किसी पुरुष या महिला टेनिस खिलाड़ी द्वारा विश्व नंबर 1 के रूप में सबसे अधिक सप्ताह बिताने का रिकॉर्ड बनाया था। जोकोविच पहली बार 4 जुलाई 2011 को 24 साल की उम्र में विश्व नंबर 1 बने थे। जबकि फेडरर और राफेल नडाल 22 साल की उम्र में पहली बार नंबर 1 पर पहुंचे थे। टेनिस जगत के ये तीन बड़े नाम हमेशा एक दूसरे को चुनौती देते आए हैं। पहली बार विश्व नंबर 1 बनने के लगभग 13 साल तक जोकोविच ने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ऊंचाइयों पर बिताया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने एटीपी टूर पर रिकॉर्ड बनाना जारी रखा। उन्होंने विश्व नंबर 1 के रूप में सप्ताह 419 की शुरुआत की।

महिला फुटबॉल खिलाड़ियों से मारपीट के आरोप में कार्यसमिति सदस्य निलंबित

नई दिल्ली (एजेंसी)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने दो दिन की ढिलाई के बाद आखिरकार मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन विमेंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था। शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन बाद में जमानत पर छोड़ दिया।

अफरीदी अब भी असंतुष्ट, पीसीबी प्रमुख से मुलाकात के बाद भी नहीं निकला हल

लाहौर (एजेंसी)। शाहीन शाह अफरीदी को कप्तानी से हटाए जाने के बाद पनपे विवाद के बीच सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड(पीसीबी) चेयरमैन मोहसिन नकवी और अफरीदी के बीच मुलाकात हुई। हालांकि इस मुलाकात से भी अफरीदी के दृष्टिकोण से समस्या का हल नहीं निकल पाया। अफरीदी का मानना है कि अभी भी पीसीबी ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है। हालांकि अफरीदी खुद अब इस मामले को रफा दफा करने के मूड में हैं। अफरीदी ने कप्तानी से हटाए जाने के बाद उनसे बिना पूछे पीसीबी द्वारा उनका कथित बयान जारी किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी। पता चला है कि पीसीबी ने अफ्रीदी के सामने यह बात स्वीकारी की बोर्ड से इस संबंध में भूल हुई। हालांकि अफरीदी अभी भी कप्तानी से हटाए जाने के तरीके और उसकी प्रक्रिया में पारदर्शिता ना बरते जाने को लेकर नाराज हैं लेकिन इस

पूरे मामले से उनके और बाबर आजम के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसी महीने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला का आयोजन होना है, जिसकी शुरुआत 18 अप्रैल से होने वाली है। अफरीदी के इस श्रृंखला खेलने की पूरी संभावना है। सोमवार को पाकिस्तान के ट्रेनिंग कैंप में नकवी खिलाड़ियों से मिलने पहुंचे थे।